**Seventeenth Loksabha**

>

Title : Request to provide a fixed royalty percentage to film artists

**श्री रवि किशन (गोरखपुर):**अध्यक्ष महोदय, आज आपने मुझे बहुत अहम मुद्दे पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं । इसी सदन में हमारे सीनियर नेता माननीय अरुण जेटली साहब और सुषमा स्वराज जी ने सिनेमा इंडस्ट्रीज़ के कलाकारों, सिंगर्स और लिरिक्स राइटर्स के लिए एक आवाज उठाई थी । आज वे लोग धन्य हो गए हैं कि उनको रॉयल्टी मिल रही है और वे लोग इस भारतीय जनता पार्टी के बड़े शुक्रगुजार हैं । आज मैं उनकी आवाज बनकर इस सदन में दोबारा समस्त भारत के कलाकारों के लिए एक निवेदन करना चाहता हूं । हॉलीवुड में भी रॉयल्टी का एक सिस्टम है । एक सिनेमा लगता है और सिनेमा लगने के बाद कलाकार को एक मेहनताना मिलता है । उसके बाद उसको पैसे नहीं मिलते हैं और कितने कलाकारों की भूखमरी एवं गरीबी से मृत्यु होती है । फिल्म हिट हो जाती है, मैं अपनी सरकार से यह चाहता हूं, चूंकि भारतीय जनता पार्टी सिनेमा इंडस्ट्रीज़ के लिए बहुत सोचती है । मैं अपनी सरकार और यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी से यह रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि समस्त भारत के कलाकारों द्वारा सिनेमा के पर्दे पर जितना उनका फुटेज रहे, एक्टिंग के दौरान जितना उनका फुटेज रहे, सिनेमा एक समय तक चले और उसके बाद जब दोबारा कहीं पर भी लगे, वह टेलीविजन पर टेलीकास्ट हो तो एक रॉयल्टी की कोई भी परसेंटेज तय होनी चाहिए । उनको एक रॉयल्टी मिले, तो कलाकार जिंदगी भर के लिए बहुत खुश होंगे । जैसे हॉलीवुड में है और चाइना में है । मैं चाहूंगा कि हिन्दुस्तानी कलाकारों के लिए, हिन्दुस्तान की अन्य भाषा तमिल, तेलुगू, हिन्दी, भोजपुरी, सब कलाकारों के लिए एक रॉयल्टी तय हो जाए, तो वह धन्य हो जाएंगे ।… (व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, मुझे एक मिनट दीजिए । आज समस्त इंडस्ट्रीज़ के कलाकारों द्वारा अपने प्रधान मंत्री जी के लिए एक संदेश है । वह यह है कि –

"जो नहाते हैं पानी से, वह लिबास बदलते हैं,

यशस्वी प्रधान मंत्री जी पसीने से नहाते हैं और वह इतिहास बदलते हैं ।"